**जन सम्पर्क कार्यालय,**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर।**

**प्रेस विज्ञप्ति**
**(सं. 2016–17/30)**

दिनांक : 18.04.2016

## डिब्बों में अस्थाई बढोतरी

### *इन्दौर–जोधपुर–इन्दौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में बढाया 01 थर्ड एसी डिब्बे*

रेलवे प्रशासन द्वारा उज्जैन में आयोजित सिंघस्थ कुंभ मेले में लम्बी प्रतिक्षा सूची को देखते हुए यात्रियों की सुविधा हेतु इन्दौर–जोधपुर–इन्दौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस मे 01 थर्ड एसी डिब्बें की अस्थाई बढोतरी की गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी श्री तरूण जैन के अनुसार गाडी संख्या 12465/12466, इन्दौर–जोधपुर–इन्दौर सुपरफास्ट एक्सप्रेस में जोधपुर से दिनांक 21.04.16 से 25.05.16 तक एवं इन्दौर से दिनांक 22.04.16 से 26.05.16 तक 01 थर्ड एसी डिब्बें की अस्थाई बढोतरी की गई है। इस बढोतरी से इस गाडी के मार्ग के मुख्यतः मेडता, जयपुर, सवाई माधोपुर, कोटा, उज्जैन एवं अन्य स्टेशनों के यात्रियों को थर्ड एसी श्रेणी की 64 बर्थ अधिक उपलब्ध हो पायेगी।

***उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा प्रतीक्षा सूची को कम करने के लिये नियमित रूप से विभिन्न रेलगाडियों में डिब्बों में अस्थाई तौर पर बढोतरी की जाती है। उत्तर पश्चिम रेलवे द्वारा वर्ष 2015–16 में मार्च माह तक 12719 अतिरिक्त डिब्बे विभिन्न रेल सेवाओं में जोडे गये है।***

**जन सम्पर्क अधिकारी**
**उत्तर पश्चिम रेलवे, जयपुर**

**नोटः– उत्तर पश्चिम रेलवे का आप फेसबुक पेज www.facebook.com/northwesternrailway पर भी अवलोकन कर सकते है।**